आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.07.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – सरकार खेलों को देश के हर गांव तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।
- प्रसार भारती के डिजिटल प्लेटफॉर्म वेव्स ओटीटी ने अपनी फीचर फिल्म, "डेला बेला बदलेगी कहानी" का प्रीमियर आयोजित किया।
- जोड़ाकिलान में नए छोटे पुल की क्षतिग्रस्त स्थिति को देखते हुए कल से वाहनों को पुराने छोटे पुल के ऊपर से डायवर्ट किया जाएगा।
- पर्यटन विभाग कार्बाइंस कोव तट पर "बीच वॉलीबॉल" #वॉली द वाइब! का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार खेलों को देश के हर गांव तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। श्री शाह ने नई दिल्ली में इक्कीसवें विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों में भारतीय दल को सम्मानित करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों का चयन कर उन्हें वैज्ञानिक तरीके से हर खेल में प्रशिक्षित किया जा रहा है। श्री शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में खेलों को बहुत महत्व दिया गया है और खेलों के बजट में पांच गुना वृद्धि हुई है। श्री शाह ने कहा कि सरकार लगभग तीन हज़ार खिलाड़ियों को पचास हज़ार प्रति माह की सहायता देकर दो हजार छत्तीस ओलंपिक की तैयारी कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत दो हजार छत्तीस ओलंपिक में पदक जीतने वाले शीर्ष पाँच देशों में शामिल होगा।

<><><><><><><>

प्रसार भारती के डिजिटल प्लेटफॉर्म वेव्स ओटीटी ने कल नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन में अपनी फीचर फिल्म, "डेला बेला बदलेगी कहानी" का भव्य प्रीमियर आयोजित किया। इस अवसर पर प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा कि वेव्स ओटीटी भारत का एकमात्र सार्वजनिक सेवा स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है जो विरासत को डिजिटल नवाचार के साथ जोड़ता है।

श्री सहगल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रसार भारती का मिशन एक विश्वसनीय, परिवार–प्रथम मंच बनाना है जो भारत की विविधता और रचनात्मकता का उत्सह मनाए। मीडिया से बात करते हुए श्री सहगल ने कहा कि 'डेला बेला' जैसी मूल फिल्मों के साथ यह प्लेटफॉर्म वृत्तचित्रों, रेडियो शो, क्षेत्रीय सिनेमा, डीडी अभिलेखागार, लाइव टीवी और ऑनलाइन शॉपिंग का एक समृद्ध संग्रह प्रदान करता है। फिल्म के निर्देशक नीलेश जैन ने कहा कि इस कहानी को देश के कोने–कोने तक पहुंचाने के लिए वेव्स से बेहतर कोई ओटीटी प्लेटफॉर्म नहीं है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि सरकार बचावकारी और उपचारी– दोनों तरह की स्वास्थ्य सेवाएं देने के समग्र दृष्टिकोण से काम कर रही है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि एक लाख सतहत्तर हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निर्माण किया गया है जो दूरदराज के इलाकों में भी संचालित हो रहे हैं। श्री नड्डा ने कहा कि सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में टेली–परामर्श सुविधा उपलब्ध है।

<><><><><><><>

नगरपालिका स्वच्छता कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष जयदीप कुमार डे के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष अनिल तिवारी से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने नगरपालिका परिषद के श्रमिकों के मुद्दों को उठाया। कर्मचारी संघ के वित्त सचिव विजय नायर ने सफाई कर्मचारियों के नियमितीकरण की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। भाजपा अध्यक्ष ने इस मुद्दे पर उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय राजमार्ग–04 पर जोड़ाकिलान में नए छोटे पुल की क्षतिग्रस्त स्थिति को देखते हुए कल से निर्माण कार्य पूरा होने तक सभी वाहनों को पुराने छोटे पुल के ऊपर से डायवर्ट किया जाएगा। ज़िला मजिस्ट्रेट की ओर से सभी संबंधित विभागों, प्रवर्तन एजेंसियों और परिवहन संचालकों को इस अधिसूचना का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग ने कहा है कि जिन उपभोक्ताओं के पास वर्तमान में अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक में विद्युत कनेक्शन के लिए सुरक्षा जमा राशि है, वे अब अपनी सुरक्षा राशि द्वीपसमूह में संचालित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से किसी में भी स्थानांतरित कर सकते हैं। इसके अलावा, "सुरक्षा जमा की समीक्षा" पर JERC वि–नियम दो हजार अट्ठारह के अनुसार समीक्षा कर सुरक्षा जमा राशि को संशोधित करेगा।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की मौजूदा ई–पीडीएस एप्लिकेशन को स्मार्ट पीडीएस 2.0 में स्थानांतरित करने का कार्य किया जा रहा है। विभाग ने राशनकार्ड धारकों से कहा है कि नए एप्लिकेशन में डेटा का सुचारू और निर्बाध स्थानांतरण सुनिश्चित करने के लिए, राशन कार्ड से संबंधित सभी सेवाएँ आज से चौबीस जुलाई तक बंद रहेगी।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग, खेल एवं युवा मामलों के निदेशालय के सहयोग से छब्बीस और सत्ताईस जुलाई को कार्बाइंस कोव बीच पर "बीच वॉलीबॉल – 2025" #वॉलीदवाइब! का आयोजन कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य अंडमान को एक प्रमुख समुद्र तट पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देना है। पुरुषों और महिलाओं के लिए आयोजित बीच वॉलीबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट में विजेता टीम को सात हजार रूपये, जबकि उप–विजेता को पांच हजार रूपये की पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी भी प्रदान की जाएगी। इसमें भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों से बाईस से चौबीस जुलाई के बीच अपनी टीमों का पंजीकरण कराने को कहा गया है। पंजीकरण पर्यटन निदेशालय के सहायक प्रबंधक चंदर राव एच के और रिसेप्शनिस्ट शिव प्रसाद के पास करा सकते हैं।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर शिक्षा निदेशालय की ओर से ओपन ब्लिट्ज़ शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन के सहयोग से यह टूर्नामेंट कल शाम तीन बजे से मरीना पार्क वॉकवे, में आयोजित होगा।

<><><><><><><>

डायरिया रोको अभियान के तहत कल कैम्पबेल बे के गांधी नगर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधी नगर की ए एन एम अन्नुप्रिया ने विद्यार्थियों को दस्त की रोकथाम के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में लेटरल एन्ट्री के तहत बी.टेक द्वितीय वर्ष में विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीधे प्रवेश के लिए परीक्षा उनतीस जुलाई को आयोजित किया जाएगा। परीक्षा दिन में ग्यारह बजे से शुरू होगा। इच्छुक उम्मीदवारों को परीक्षा के दिन सुबह साढ़े नौ बजे तक उपस्थित रहने को कहा गया है। प्रवेश के बाद कक्षाएं छः अगस्त से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों की श्रेणीवार अस्थाई वरीयता सूची सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। इस संबंध में दावे और आपत्तियां इक्कीस जुलाई तक शाम चार बजे तक ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से कॉलेज की प्रवेश शाखा में जमा किए जा सकते हैं। अंतिम मेरिट सूची तेईस जुलाई को प्रदर्शित की जाएगी और काउंसलिंग अट्ठाईस जुलाई से आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

एम जे म्यूजिक अकादमी की ओर से संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें चौदह से साठ वर्ष आयु वर्ग के कलाकार भाग ले सकते हैं। ऑडिशन होटल मनसा रिजेंसी में दस अगस्त को दोपहर बाद दो बजे से शुरू होगा। इच्छुक प्रतिभागी पांच सौ रूपये की अदायगी कर ऑडिशन फॉर्म चाय सुट्टा बार, तरंग ट्रेडर्स और महेश टूर एंड ट्रैवल से ले सकते हैं।

<><><><><><><>

गुडविल एस्टेट स्थित विज्ञान केंद्र में आज बबल शो का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम छः बजकर दस मिनट से शुरू होगा। इसमें सभी आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकते हैं। बबल शो के लिए प्रवेश शुल्क दस रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, शाम साढ़े पांच बजे से एक विशेष 3डी शो का भी आयोजन होगा। इस शो के लिए प्रवेश शुल्क बीस रुपये प्रति व्यक्ति हैं।

<><><><><><><>